दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 29 जनवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 121

महाकुंभ जा रही ट्रेन में भारी भीड़, गुस्साए यात्रियों ने पत्थर मारकर तोड़े शीशे; स्टेशन पर गेट नहीं खुलने से थे नाराज

छतरपुर । आरएनएस

प्रयागराज महाकुंभ के लिए जाने वाली ट्रेनों में इस समय काफी ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। वहीं महाकुंभ जाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर भी लोगों की भीड़ है। इस बीच छतरपुर रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों ने हंगामा किया है। महाकुंभ के लिए जाने वाले यात्रियों ने ट्रेन पर पथराव किया और ट्रेन के शीशे तोडऩे की कोशिश की है। अंबेडकर नगर से चलने वाली ट्रेन के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद होने से प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों में नाराजगी देखी गई, जिसके बाद उन्होंने पथराव किया।

इस दौरान छतरपुर स्टेशन पर करीब एक घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। इसके बाद त्रक्रक्क स्टाफ ने ट्रेन के गेट खुलवाए। बताया जा रहा है कि भारी भीड़ के कारण पहले से अंदर बैठे सवारियों ने ट्रेन के दरवाजे बंद कर दिए थे। पूरा मामला छतरपुर रेलवे स्टेशन पर देर रात करीब 2 बजे का है। ये ट्रेन महू से चलकर प्रयागराज होते हुए अम्बेडकर नगर तक जाती है। स्टेशन पर भारी भीड़ के कारण एसी कोच के यात्रियों ने अपने कोच के गेट अंदर से लॉक कर लिए थे। इससे आक्रोशित भीड़ ने गेट खुलवाने के लिए दरवाजों के कांच तोड़ दिए।

वहीं भारी हंगामे को देखते हुए जीआरपी ने अंदर बैठे यात्रियों को काफी देर तक समझाया। इसके बाद किसी तरह से ट्रेन के दरवाजे खुलवाए। इस दौरान कुंभ जाने वालों में बहुत से यात्रियों के पास टिकट भी नहीं था। बता दें कि महाकुंभ में इस समय देशभर से श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। यहां महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 15 करोड़ के पार हो गया है।

महाकुंभ में स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

सागर । आरएनएस

मध्य प्रदेश के सागर जिले में प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार सामने से आ रहे कंटेनर से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार धार जिले के धर्मपुरी निवासी छह युवक कार से प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार मंगलवार की सुबह सागर जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र से गुजर रही थी तभी मसुरयाई मोड़ पर सामने से आ रहे कंटेनर से जा टकराई।

इस हादसे में कार सवार अजय जायसवाल, पप्पू उर्फ अरविंद और देवेंद्र सिंह की मौके पर मौत हो गई है जबकि उनके तीन अन्य साथी आशीष जायसवाल, सनी जायसवाल और दिनेश केवट घायल हुए हैं। इन सभी को उपचार के लिए राहतगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बताया गया है कि यह हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसी के चलते कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। आशंका इस बात की जताई जा रही है कि कार और सामने से आ रहा कंटेनर बहुत तेज रफ्तार से दौड़ रहे थे। मृतकों के पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में ठंड का असर बना हुआ है। कई हिस्सों में सुबह के समय कोहरा भी छाया रहता है, जिससे सडक़ हादसे होने की आशंका बनी रहती है। इस हादसे के पीछे भी यही आशंका जताई जा रही है। राज्य में ठंड के साथ कोहरा छाए रहने की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। यही कारण है कि पुलिस और प्रशासन की ओर से आम लोगों को वाहन को संभलकर और कम रफ्तार से चलाने की सलाह दी जाती है। उसके बावजूद वाहन चालक रफ्तार नियंत्रित नहीं करते, परिणामस्वरूप हादसे हो जाते हैं और कई लोगों की जान भी चली जाती है।

कश्मीर में गैर स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में एनआईए सख्त, घाटी में कई स्थानों पर की रेड

श्रीनगर । आरएनएस

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार सुबह आतंकवादियों द्वारा गैर-स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में मंगलवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए सूत्रों ने बताया कि ये छापे जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से मारे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया,एनआईए के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संदीप चौधरी की निगरानी में श्रीनगर, बडगाम और सोपोर इलाकों में छह स्थानों पर छापेमारी हो रही है। एनआईए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से संबंधित कई अपराधों की जांच कर रही है, जिसमें 9 जून 2024 को जम्मू संभाग के रियासी जिले में हिंदू तीर्थयात्रियों की हत्या और गांदरबल जिले के गगनगीर की हत्या शामिल है।

आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों से भरी 53 सीटों वाली बस पर तब गोलीबारी की थी, जब बस शिवखोड़ी मंदिर से रियासी जिले के कटरा शहर जा रही थी। उस नृशंस हमले में नौ लोग मारे गए थे और 41 लोग घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने पहले बस के ड्राइवर पर गोली चलाई और फिर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। 20 अक्टूबर 2024 को दो आतंकवादी, एक विदेशी और एक स्थानीय, गांदरबल जिले के गगनगीर में एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के वर्कर कैंप में घुसे और अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में छह गैर-स्थानीय नागरिक कर्मचारी और एक स्थानीय डॉक्टर मारे गए।

घाटी में गैर-स्थानीय राजमिस्त्री, बढ़ई, ईंट बनाने वाले, ड्राइवर और रेहड़ी-पटरी वाले जैसे अकुशल श्रमिक भी आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हुए। पिछले 20 सालों में आतंकवादियों ने कई जगहों पर गैर-स्थानीय मजदूरों की हत्या की है। माना जाता है कि गैर-स्थानीय लोगों को मारना आतंकवादियों की एक रणनीति है, जिसका उद्देश्य स्थानीय आबादी को व्यापार, शिक्षा और व्यवसाय से दूर रखना है।

भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव पर बड़ा हादसा, मंच ढहने से अब तक 7 श्रद्धालुओं की मौत; 70 से अधिक घायल

बागपत । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी से बना मचान ढह गया। इस हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 75 लोग घायल हो गए। यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी रोड पर मंगलवार सुबह हुआ। मानस्तम्भ परिसर में बल्ली से बना मचान अचानक ढह गया, इस दौरान कई लोग उसके नीचे दब गए। इतना ही नहीं, घटना के बाद मौके पर भगदड़ भी मच गई।

वहीं, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 6-7 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। घायलों की संख्या बढ़ सकती है, सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही डीएम अस्मिता लाल और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना है।

बागपत के एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया,बड़ौत थाना क्षेत्र में एक धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था। जैन समुदाय द्वारा मंदिर में लड्डू चढ़ाने का कार्यक्रम था। कुछ लोग बल्ली से बने मचान पर चढ़े हुए थे, तभी वह टूटकर गिर गया और 25 लोग घायल हुए थे, जिनमें से कुछ लोगों को सामान्य चोटें आई हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत में हुए हादसे का संज्ञान लिया। सीएम योगी ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश हैं। साथ ही उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

श्रीलंकाई नौसेना की भारतीय मछुआरों पर की फायरिंग, 13 को किया गिरफ्तार, भारत ने जताई नाराजगी

चेन्नई । आरएनएस

भारत और श्रीलंका के बीच एक बार फिर से तनाव की स्थिति देखने को मिल सकती है। मंगलवार को डेल्फ़्ट द्वीप के पास 13 भारतीय मछुआरों को पकडऩे के दौरान श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गोलीबारी की घटना सामने आई। इस घटना के दौरान मछली पकडऩे वाले मछुआरे नाव पर सवार थे। श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। उसने आरोप लगाया है कि वे श्रीलंका के समुद्री जल क्षेत्र में अवैध रूप से घुस गए थे।

श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में 5 मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें श्रीलंका के जाफना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक तमिलनाडु के कोडियाकराई के पास स्थित कराईकल के 20 से अधिक मछुआरे एक मोटरबोट में मछली पकड़ रहे थे। उन्हें श्रीलंकाई नौसेना की दो गश्ती नौकाओं ने घेर लिया। इस दौरान मछुवारे भाग गए, लेकिन एक मोटरबोट श्रीलंकाई नौसेना के हाथ लगा।

कराईकल के क्लिंजल मेडु गांव के आनंदवेल की नाव में 13 मछुआरे सवार थे, जिनके नाम मणिकावेल, दिनेश, कार्तिकेयन, सेंथामिज, मैविलिनथन, वेत्रिवेल, नवाथ, राजेंद्रन, रामकी, शशिकुमार, नंदकुमार, बाबू और कुमारन हैं। इसके अलावा नवाथ, राजेंद्रन, रामकी, शशिकुमार, नंदकुमार, बाबू और कुमारन, जो नगाई और मयिलादुथुराई से हैं। श्रीलंकाई नौसेना को दावा था कि मछुआरे मुलातिवु जल क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे जो श्रीलंका की समुद्री सीमा में है। जब मछुआरे घबराकर भागने लगे, तो उन पर गोली चलाई गई। श्रीलंकाई नौसेना ने बंदूक की नोंक पर नाव में सवार सभी 13 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया।

बताया जाता है कि गोलीबारी में दो मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्टों के अनुसार, घायल मछुआरों को जाफना टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। मछुआरों की मोटर बोट भी जब्त कर ली गई है और अन्य मछुआरों को श्रीलंकाई तटरक्षक शिविर में ले जाया गया। मछुआरों को मंगलवार को त्रिंकोमाली अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है। इस बीच, मछुआरों पर गोली चलाने और उन्हें नाव सहित गिरफ्तार करने की घटना ने क्लिंजल मेडु गांव में खलबली मचा दी है। महिलाओं ने इक_ा होकर मछुआरों पर गोली चलाने की निंदा की और आंसू बहाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से मछुआरों और उनकी नाव को रिहा करने का अनुरोध किया। महिलाओं ने कहा कि मछुआरे मछली पकडऩे गए थे, उन्हें आतंकवादियों की तरह क्यों गोली मारी गई? मछुआरे चिल्ला रहे थे।

दर्दनाक हादसा : बर्थडे मनाकर घर लौट रहे दोस्तों की बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, 4 की मौके पर मौत

देवरिया । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के देवरिया में सोमवार देर रात एक सडक़ हादसे में 4 दोस्तों की मौत हो गई। सभी दोस्त का बर्थडे मनाकर बाइक से घर जा रहे थे। महुआडीह थाना क्षेत्र के हेतिमपुर हाइवे के समीप यादव होटल के पास युवकों को ट्रक ने रौंद दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

देवरिया जिले के नारायणपुर गांव के रहने वाले 22 वर्षीय अंकित गौड़ पुत्र नारायण गौड़ अपने दोस्त कुशीनगर जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र के शाहबाजपुर के रहने वाले 20 वर्षीय पिंटू गोड़ पुत्र रणजीत गौड़, कसया थाना क्षेत्र के भैसहा खास के रहने वाले 22 वर्षीय अतुल सिंह पुत्र विनोद सिंह और हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुंडेरा उपाध्याय के रहने वाले 22 वर्षीय नितेश सिंह पुत्र नंदलाल सिंह के साथ सोमवार की देर शाम को जन्मदिन मनाने देवरिया मुख्यालय आए थे। देर रात को अंकित तीनों दोस्तों को छोडऩे बाइक से हाटा जा रहा था। चारों अभी हेतिमपुर कसया मोड़ के पास ही पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने रौंद दिया, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई।

मौनी अमावस्या स्नान के लिए अयोध्या में उमड़ा जनसैलाब : हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़

- रामंदिर ट्रस्ट की अपील- आसपड़ोस के भक्त 15-20 दिन बाद आएं
- भारी भीड़ को देखते हुए अस्पताल अलर्ट पर, डॉक्टरों की छुट्टियां हुईं रद्द

अयोध्या । आरएनएस

रामनगरी अयोध्या में मंगलवार को भी श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा रहा। मंगलवार होने के चलते हनुमानगढ़ी में दो किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही कुछ इसी तरह का दृश्य राम जन्मभूमि में भी रहा, रामलला के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को रामलला के दरबार में 3.55 लाख भक्तों ने हाजिरी लगाई। दो दिनों के भीतर रामलला के दरबार में छह लाख से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का मुख्य महापर्व है। मंगलवार की देर शाम से ही लग रही है पर उदया तिथि में यह स्नान 29 को भोर से पूरे दिन चलेगा। इसके लिए भक्तों का रेला है। इस बीच आज भोर से ही 10 लाख से ज्यादा भक्त सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी दर्शन के लिए पहुंचे रहे हैं। वहीं अयोध्या में प्रयागराज महाकुंभ के प्रारंभ होने के साथ ही उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने आस-पड़ोस के जिलों में रहने वाले लोगों से 15-20 दिन बाद आकर दर्शन करने की अपील की है। ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय की तरफ से की गई अपील में कहा गया है कि पिछले तीन दिनों से अयोध्या जी में श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।अयोध्या धाम की जनसंख्या एवं आकार को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इतनी अधिक संख्या में भक्तों को एक दिन में रामलला के दर्शन कराना बहुत कठिन है और इसी कारण भक्तों को परेशानी हो रही है। परिणाम स्वरूप किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए आवश्यक हो गया है कि व्यवस्थाओं में उपयुक्त परिवर्तन किए जाएं। भक्तों को अधिक पैदल भी चलना पड़ रहा है। हमारा यह निवेदन है कि पास-पड़ोस के भक्तजन 15-20 दिन के पश्चात दर्शन करने हेतु अयोध्या जी पधारें ताकि बहुत दूर से आने वाले भक्त अभी सुविधा से प्रभु के दर्शन कर सकें। इससे सभी को सुविधा होगी। वसंत पंचमी के बाद फरवरी मास में काफी राहत रहेगी तथा मौसम भी अच्छा हो जाएगा। आसपास के भक्त यदि तब का कार्यक्रम बनाएं तो श्रेष्ठ रहेगा। इस निवेदन पर अवश्य विचार करें।

इसी तरह जिले में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर सभी अस्पतालों को अलर्ट किया गया है। सीएमओ ने जिला स्तरीय अस्पतालों में इलाज के बेहतर इंतजाम करने, वार्ड आरक्षित रखने के अलावा हर समय विशेषज्ञों की उपलब्धता के निर्देश दिए हैं। इसका असर भी अस्पतालों में मंगलवार को देखा गया है।महाकुंभ स्नान के बाद श्रद्धालुओं का जत्था रामनगरी पहुंच रहा है। जिले के सभी होटल, लॉज, धर्मशाला, गेस्ट हाउस आदि फुल चल रहे हैं। विभिन्न ट्रेनों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती अहम है। मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पतालों के अलावा उपचार केंद्र बनाए गए हैं, जो कि नाकाफी प्रतीत हो रहे हैं। सोमवार को दो श्रद्धालुओं की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमा और अलर्ट हुआ है।प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद सीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर, जिला अस्पताल, राजकीय श्रीराम चिकित्सालय, 100 बेड अस्पताल कुमारगंज के अलावा सभी सीएचसी-पीएचसी को भी अलर्ट किया है। जारी पत्र में उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों में आकस्मिक सेवाएं दुरुस्त रखें। पर्याप्त चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की इमरजेंसी ड्यूटी लगाई जाए। अपरिहार्य कारणों के अलावा किसी को भी छुट्टियां न दी जाएं। एंबुलेंस सेवाएं क्रियाशील रहें। पर्याप्त मात्रा में सभी इकाईयों पर दवाएं व चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता रहे। पैथोलॉजी सेवाएं भी क्रियाशील रहें। किसी तरह की लापरवाही बरतने वाले पर कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अनुपालन में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में भी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद दिखीं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि सभी चिकित्सक व स्टाफनर्सों के साथ बैठक करके इलाज के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। पुरानी बिल्डिंग में 20 बेड का अलग वार्ड आरक्षित किया गया है। इसे तमाम आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया है। ट्रामा सेंटर को भी अलर्ट किया गया है।

महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रंप ने फिर दोहराया 'अमेरिका फर्स्ट', कहा- भारत, चीन और ब्राजील पर लगाएंगे हाई टैरिफ

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर हाई टैरिफ लगाने को कहा है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका वापस उस सिस्टम को अपनाएगा जिसने उसने धनी ताकतवर बनाया है। उन्होंने कहा कि हम उन देशों और बाहरी लोगों पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। चीन बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। भारत, ब्राजील और बाकी देश भी ऐसा ही करते हैं। ट्रंप का कहना है कि ये तीन देश अपने फायदें के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन इससे अमेरिका को नुकसान पहुंच रहा है। अमेरिका एक ईमानदार सिस्टम तैयार करेगा, जिससे हमारे खजाने में पैसा आएगा और अमेरिका फिर से बहुत अमीर हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि दूसरे देशों को अमीर बनाने के लिए अपने लोगों पर टैक्स लगाने की जगह हम अपने लोगों को अमीर बनाने के लिए दूसरे देशों पर टैक्स लगाएंगे। विदेशी कंपनियां हाई टैरिफ से बचना चाहती हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही अपना प्लांट लगाना होगा। अमेरिका फर्स्ट का नारा दोहराते हुए ट्रम्प ने कहा कि जैसे अन्य देशों पर टैरिफ बढ़ेंगे वैसे ही अमेरिकी वर्कर्स और इंडस्ट्री पर टैक्स कम हो जाएंगे। इससे हमारे देश में बड़ी संख्या में नौकरियां आएंगी और कारखाने लगेंगे।

पंजाब में गैस कंटेनर में रिसाव के कारण इलाके में लगी भीषण आग, 5 लोगों की मौत; 31 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में सोमवार तडक़े एक आवासीय कॉलोनी में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस के सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि यह घटना मुल्तान जिले में स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग 12:25 बजे हुई, जहां तरलीकृत पेट्रोलियम गैस कंटेनर के रिसाव के कारण कॉलोनी में जोरदार विस्फोट हुआ। गैस रिसाव के कारण आग लग गई और भीषण विस्फोट हुआ, जिसकी तीव्रता से मलबा घनी आबादी वाली कॉलोनी एक विस्तृत क्षेत्र में बिखर गया। पुलिस ने पुष्टि की कि व्यापक अग्निशमन प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है और उनमें से कई की हालत गंभीर है। अधिकारी विस्फोट से हुए कुल नुकसान का आकलन कर रहे हैं। विस्फोट से आसपास का दैनिक जीवन भी बाधित हो गया है। गौरतलब है कि अपर्याप्त सुरक्षा उपायों और खराब बुनियादी ढांचे के कारण पाकिस्तान में गैस विस्फोटों से जुड़ी घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं, जिसके अक्सर दुखद परिणाम होते हैं।

आईएसआईएस भर्ती मामले में एनआईए की बड़ी काईवाई, 16 स्थानों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी

चेन्नई (आरएनएस)। इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कार्रवाई की है। तमिलनाडु में आईएसआईएस से जुड़े 16 ठिकानों पर छापेमारी की गई। सीरकाजी और थिरुमुलैवासल में तलाशी ली जा रही थी। यह जांच आईएसआईएस के उस मॉडल के खिलाफ हो रही है, जिसके जरिए युवाओं को कट्टरपंथ बनाया जा रहा है। केरल, तमिलनाडु के युवाओं को आईएसआईएस में भर्ती कराने की कोशिश हो रही है।

दिल्ली चुनाव से ठीक पहले जेल से बाहर आया राम रहीम, अब 30 दिनों की मिली पैरोल

सिरसा (आरएनएस)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को दिल्ली चुनावों से पहले एक बार फिर पैरोल मिली है। राम रहीम को 30 दिन की पैरोल मिली है। जानकारी के मुताबिक गुरमीत सिंह पैरोल मिलने के बाद राम रहीम सिरसा के डेरा में पहुंचा है। राम रहीम मंगलवार को रोहतक की सुनारिया जेल से सात वाहनों के काफिले से निकला ओर सिरसा डेरे में 8.40 मिनिट पर पहुंचा। डेरे में आकर सीधा वह अपनी गुफा में चला गया। राम रहीम साध्वी यौन शोषण मामले से सजा मिलने के बाद पहली बार सिरसा डेरे में आया है। इससे पहले राम रहीम को पिछले साल अक्टूबर में पैरोल मिली थी। अक्टूबर में पैरोल मिलने के बाद राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम गया था। इस दौरान उसको 20 दिन की सशर्त जमानत मिली थी। हरियाणा चुनाव आयोग को इमरजेंसी पैरोल के लिए अर्जी दी थी, जिसे मंजूर कर लिया गया था।